(ख) और (ग) पर्यटन का विकास करना मुख्यतः राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। तथापि, राज्य सरकारों से मिलने वाले विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर, उनके गुण-दोष, पारस्परिक प्राथमिकता और धन की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए, केन्द्रीय वित्तीय सहायता दी जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में जिन स्कीमों के लिए सहायता प्रदान की गई उनमें शामिल हैं—नागौर, झालवाड़ा, अलवर, पाली, दौसा और शाहपुरा में पर्यटक बंगले, मेनाल में अल्पहार-गृह; बूंदी तथा सवाई माधोपुर में पर्यटक परिसर; फतह सागर झील में तैरता रेस्तरां; कोटला बांध एवं पिछोला झील में जल क्रीड़ा उपकरण; शिल्पग्राम मेला; अजमेर तथा नाथद्वारा में यात्रिका, भरतपुर में टैन्ट, आदि। गत 3 वर्षों के दौरान कुल राशि इस प्रकार है:—

वर्ष	(लाख रुपए में)
1989–90	26.25
1990–91	152.34
1991–92	184.31

(घ) और (ङ) यात्री निवासों, यात्रिकाओं, मार्गस्थ सुविधाओं आदि के निर्माण जैसी अनेक स्कीमें स्वदेशी पर्यटन का संवर्धन करने के लिए ही हैं।

वृन्दावन का विकास

1893. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वृन्दावन क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए कोई एकीकृत योजना तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसके कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) तीर्थ पर्यटन समिति ने उत्तर प्रदेश राज्य में पर्यटन की आधारभूत सुविधाओं का विकास करने के लिए बरसाना—नन्दगांव—गोकुल मथुरा—वृन्दावन—गोवर्धन तीर्थ परिपथ अभिनिर्धारित किया है। इस संबंध में राज्य सरकार से विस्तृत प्रस्तावों के मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है।

Special Security questionaire Distributed among Employees of Air India

1894. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a a special security questionaire is distributed among the emp'oyees of Air India; and

(b) if so, what are the details including reasons for such questionnaire and also the response and reaction of employees thereto?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir.

(b) This was done as per the recommendation of the Ministry of Home Affairs for verification of character and antecedents of Air India staff working in operational areas. Howevr, the copies of 'Special Security questionnaire' circulated to some departments of Air India were not appropriate for the purpose and some employees ! expressed their reservations over this. The Secial Security Questionnaire has, therefore, been withdrawn.

Number of helicopters with Helicopter Corporation of India

1895. SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state: